आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 09.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़, कल आधिकारिक तौर पर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना उनका स्थान लेंगे। कई ऐतिहासिक फैसलों के लिए ख्याति प्राप्त न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ का कल न्यायालय में अंतिम कार्य दिवस था।

....

अजमेर में लगने वाले पुष्कर पशु मेले का आज वैदिक मंत्रोच्चार और ध्वजारोहण के साथ आगाज हुआ। केन्द्रीय जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने मेले का शुभारम्भ किया। मेले मे विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा। इसमें नगाड़ा वादन, सैण्ड आर्ट और कल्चरल ऊंट मार्च विशेष आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। आयोजनो की कडी में माण्डणा प्रतियोगिता और सामूहिक नृत्य, स्थानीय और विदेश खिलाड़ियों के बीच ''चक दे राजस्थान'' फुटबॉल मैच होगा। पुष्कर सरोवर पर शाम को रंगोली, दीपदान, आरती और पुष्कर अभिषेक के भी कार्यक्रम होंगे। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. सुनील घीया ने बताया कि मेले में अब तक 5 हजार 181 पशुओं की आमद दर्ज की गई है। इनमें से प्रदेश के 3 हजार 794 तथा राजस्थान के बाहर से 1 हजार 387 पशु शामिल हैं। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने पुष्कर पशु मेले की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएँ देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि इस वर्ष का मेला व्यापार, संस्कृति और परंपराओं के संगम का अविस्मरणीय उत्सव बनेगा।

....

आज गोपाष्टमी है। गोपाष्टमी पर गौमाता की विशेष विधि से पूजा की जाती है। श्रद्धालु स्वच्छ वस्त्र पहनकर गौमाता की प्रतिमा स्थापित कर धूप दीप से पूजा करते हैं। गौमाता को गुड़, चना, हरा चारा, और मीठी रोटियों का भोग अर्पित किया जाता है। इस अवसर पर प्रदेशभर में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है।
जयपुर की हिंगोनिया गौशाला में 51 कुंडीय गौ यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यहां गोवर्धन पर्वत की आकर्षक झांकी सजाई गई है और विशेष आयोजन किए जा रहे हैं। पर्व की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई। इसमें नगर निगम ग्रेटर की महापौर सौम्या गुर्जर और हैरिटेज नगर निगम की महापौर कुसुम यादव भी शामिल हुईं। चूरू में श्रद्धालुओं ने प्राचीन गो शाला में गो वंश का पूजन किया। हनुमानगढ़ में गोभक्त गौशालाओं में जाकर गोवंश की पूजा कर रहे हैं। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जा रहा है। दौसा में गायो को हरा चारा और खिचड़ा बना कर खिलाया गया।

....

"प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना" के पायलट प्रोजेक्ट के तहत आवेदन करने की कल आखिरी तारीख है। इस योजना के तहत वर्ष 2024–25 में प्रदेश के 4 हजार 527 युवाओं को देश की नामचीन 500 कंपनियों में इंटर्नशिप कराये जाने का लक्ष्य रखा गया है। इस योजना के लिए 21 से 24 वर्ष के 10वीं, 12वी, आईटीआई प्रमाण पत्र, डिप्लोमा धारक और स्नातक युवा जो कि पूर्णकालीन रोजगार में नहीं हैं, आवेदन कर सकते है।

....

जैसलमेर में सर्दी की दस्तक के साथ ही विदेशी प्रवासी पक्षियों का भी आगमन शुरू हो गया है। डेजर्ट नेशनल पार्क क्षेत्र में मंगोलिया का राष्ट्रीय पक्षी साकर फाल्कन नजर आने से पर्यावरण प्रेमी काफी उत्साहित है। उत्तरी और मध्य एशिया के साथ ही यूरोप में अत्यधिक ठंड होने के कारण प्रवासी पक्षी हर साल यहां पहुंचते हैं। यहां का शांत वातावरण होने से पक्षी यहां कई महीनों तक प्रवास करते हैं। इन दिनों जैसलमेर में अच्छी बरसात होने के बाद तालाब पानी से लबालब भरे हुए हैं। जिससे कुरजा, यूरेशियन रोलर, रोजी स्टार्लिंग और स्टेपी ईगल देखने को मिले हैं।

....

राजधानी जयपुर में आने वाले पर्यटक अब एक बार फिर आमेर में हाथी की सवारी कम कीमत पर कर सकेंगे। हमारे संवाददाता ने बताया कि पर्यटन और पुरातत्व विभाग ने पिछले दिनों हाथी सवारी पर बढाया शुल्क वापस ले लिया है। विभाग ने पहले यह शुल्क बढाकर 2100 रूपये कर दिया था, जिसे अब घटाकर 1 हजार 250 रूपये कर दिया गया है। वहीं हाथियों का प्रवेश शुल्क भी 80 रूपये से घटाकर 50 रूपये कर दिया गया है।

....